# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा **'A'** ग्रेड प्रदत्त / **NAAC Accreditation 'A' Grade**

**डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार**

**Dr. Surendra P. Gadewar**

परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examinations

**दूरभाषक्र.**/Phone No.: 07152-242812


आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक: 04/परी/दी.स./2026/26 13776

दिनांक: 13.02.2026

## छठवाँ दीक्षांत समारोह अधिसूचना-2026

1. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र), का **छठवाँ दीक्षांत समारोह** अप्रैल, 2026 में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। सत्र: 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में नियमित कार्यक्रम: स्नातकोत्तर, स्नातक, पी.जी. डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं दिनांक 09.01.2022 के उपरांत जिन अभ्यर्थियों ने पीएच.डी./एम.फिल. उपाधि अर्जित की हो तथा सत्र: 2021-22 के पूर्व के विद्यार्थी जिन्होंने दिनांक 08.01.2022 के बाद कार्यक्रम पूर्ण किए हो, उन्हें उपाधि प्रदान की जानी है। ऐसे सभी विद्यार्थी/शोधार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://hindivishwa.org पर उपलब्ध 'समर्थ पोर्टल' लिंक: **https://mgahv.samarth.edu.in/convocation** के माध्यम से **दिनांक 17.02.2026 (पूर्वाह्न:10:00 बजे) से दिनांक 28.02.2026 (रात्रि 11:59 बजे)** तक पंजीयन **शुल्क रु. 100/- (रु. एक सौ मात्र)** का ऑनलाइन भुगतान कर दीक्षांत समारोह में उपाधि ग्रहण करने हेतु पंजीयन करा सकते हैं।

2. **निर्धारित ड्रेस कोड**: पुरुषों के लिए खादी का सफेद कुर्ता-पायजामा/ सफेद धोती-कुर्ता और महिलाओं के लिए खादी की सफेद साड़ी (3 इंच के लाल बार्डर सहित), लाल ब्लाउज एवं सभी के लिए गांधी टोपी निर्धारित है। विद्यार्थियों/शोधार्थियों को परिधान की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

3. **'अनुपस्थिति-में-उपाधि' (डिग्री-इन-एबसेंशिया)** को प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को उपाधि/डिप्लोमा हेतु अप्रतिदेय शुल्क रु. 100/- एवं डाक खर्च हेतु रु. 100/- कुल रु. 200/- (रु. दो सौ मात्र) ऑनलाइन भुगतान कर पंजीयन करना होगा। उनकी उपाधि दीक्षांत समारोह के उपरांत उनके पते पर स्पीड-पोस्ट के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

4. दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए समारोह हेतु आयोजित पूर्वाभ्यास अनिवार्य होगा, जिसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी जायेगी।

5. विस्तृत जानकारी हेतु कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट: **https://hindivishwa.org** देखें एवं ई-मेल: **convocation@hindivishwa.ac.in** अथवा दूरभाष क्रमांक: **07152-242812** पर संपर्क करें।

**(डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार)**

13/02/2026

**प्रतिलिपि (ई-मेल के माध्यम से)**

1. कुलपति कार्यालय 2. कुलसचिव कार्यालय 3. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अकादमिक निदेशक/केंद्र प्रभारी
4. मुख्य छात्रावास अधीक्षक कार्यालय 5. कुलानुशासक कार्यालय 6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय
7. वित्त विभाग 8. प्रभारी, लीला, विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु 9. संबंधित पत्रावली।